राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः F.7(4)अका./आकाशि/प्रश्न-पत्र/2019/345-51 Date: 24 Sept. 2019

समस्त प्राचार्य,
अध्यक्ष, जिला संसाधन सहायता समिति (DRAC) महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः सत्र 2019–20 में नियमित मासिक परीक्षा के प्रश्न–पत्र तैयार करवाने की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि आप सभी को विदित है कि जुलाई 2019 से ही सभी राजकीय महाविद्यालयों में हर माह विद्यार्थियों के लिये मासिक परीक्षा का आयोजन करवाया जा रहा है। इस परीक्षा के आयोजन हेतु निर्धारित मासिक पाठ्यक्रम के आधार पर आपके संबंधित जिले के महाविद्यालयों के लिये प्रत्येक विषय का मासिक परीक्षा प्रश्न–पत्र आपके महाविद्यालय के स्तर पर तैयार करवाया जाना है। इस कार्य की गोपनीयता को संरक्षित करते हुए यह कार्य निष्पादित करवाया जाना है। इस प्रयोजनार्थ यथा संभव आपके जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों में पदस्थापित संकाय सदस्यों को रोटेशन बेसिस पर प्रश्न–पत्र तैयार करने का यह दायित्व दिया जाना है।

प्रश्न पत्र तैयार करवाने के उपरान्त इन्हें एक दिन पूर्व ही आपके संबंधित जिले के महाविद्यालयों को भी पहुंचवाया जाना सुनिश्चित करें। इस प्रयोजनार्थ आपके महाविद्यालय में तीन सदस्यीय एक टीम बनाकर आपके निर्देशन में इस मासिक परीक्षा कार्यक्रम के समन्वय का दायित्व प्रदान करें।

सितम्बर 2019 की मासिक परीक्षा का समय निकट है।, अतः इस कार्य को त्वरित गति से सम्पन्न करवाकर महाविद्यालयों को प्रश्न–पत्र पहुंचवाया जाना सुनिश्चित करावें।

प्रदीप कुमार बोरड, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः 345-51 Date: 24 Sept. 2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, आकाशि, राजस्थान को सम्भाग स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु।
5. समस्त प्रभारी अधिकरी, कॉलेज समूह, आकाशि, राजस्थान को महाविालय समूह स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु।
6. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

24/9/19
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)